हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 26 जून 2026

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

12 अवैध कॉलोनियां काटने वालों पर शिकंजा...



12 मातेश्वरी जगदंबा के स्मृति दिवस पर भव्य...



## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा मुस्ताबाद और बराड़ा रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक के कपड़ों से कोई पहचान पत्र बरामद नहीं होने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल यमुनानगर के शवगृह में रखवा दिया है। जांच अधिकारी एएसआई बलजीत सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे स्टेशन मास्टर के माध्यम से सूचना मिली थी कि मुस्ताबाद और बराड़ा के बीच रेलवे लाइन के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस ने मौके पर देखा कि शव रेलवे लाइन के पास पड़ा था। मृतक के माथे पर गंभीर चोट थी, जबकि दोनों टांगें और दोनों बाजू टूटी हुई थी।

### कुकर्म मामले में एसआईटी जल्द करेगी खुलासा

**कुरुक्षेत्र।** लाडवा थाना में कैंसर पीड़ित युवक के साथ कुकर्म के आरोप की जांच में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम जल्द खुलासा कर सकती है। शुक्रवार को पीड़ित के री-मेडिकल और आरोपी पुलिसकर्मी की मेडिकल रिपोर्ट आएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, पीड़ित को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। पीड़ित की मां ने आरोप लगाया कि उसके बेटे और परिवार पर समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। रात के समय पुलिसकर्मी उनके घर पर आते हैं। उन पर केस वापस लेने या समझौता करने के लिए धमकाया जा रहा है। दूसरी ओर, एसआईटी इंचार्ज डीएसपी लाडवा निर्मल सिंह का कहना है कि एसआईटी निष्पक्ष अपनी जांच कर रही है। अब मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है। शुक्रवार को रिपोर्ट आने की संभावना है। रिपोर्ट मिलने के बाद एसआईटी अपनी अगली कार्रवाई करेगी। एसआईटी पीड़ित के बयान पहले ही दर्ज कर चुकी है। मामले की जांच के लिए साइबर टीम की मदद भी ली गई है।

### 18 किलो डोडा चूरापोस्त में दूसरा आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** 'ऑपरेशन मैदान 2.0' के तहत पुलिस की सीआईए-2 की टीम ने 18 किलो 65 ग्राम डोडा चूरापोस्त तस्करी के मामले में दूसरे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले ही आरोपी मोनू कुमार को सेक्टर-32 कट के पास से 18 किलो 65 ग्राम डोडा चूरापोस्त के साथ रंगे हाथों काबू किया था। इसके खिलाफ 20 जून 2026 को थाना पड़ाव में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी मोनू कुमार को रिमांड पर लिया गया। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी आशीष कुमार को भी दबोच लिया।

### आरटीए टीम पर हमलावरो के खिलाफ केस दर्ज

**अंबाला।** अंबाला छावनी बस स्टैंड परिसर में अवैध रूप से चल रही निजी बसों पर चालान की कार्रवाई के दौरान आरटीए टीम पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। बता दें कि यहां एक निजी बस के चालक, परिचालक ने यात्रियों के साथ मिलकर तीन कर्मचारी पंकज कुमार, शिव दर्शन टीएसआई और दिनेश कुमार के साथ हाथापाई की थी। कर्मचारियों से मोबाइल व चालान करने वाला टैब छीनने के बाद कपड़े फाड़ते हुए गाड़ी से बाहर निकालने का प्रयास किया था। मौके पर पहुंचे आरटीए सचिव व पुलिस ने मामले को शांत करवाया।

## अब बिना रुके कटेगा टैक्स, हरियाणा का पहला बैरियर-फ्री टोल बना बस्ताड़ा

# एमएलएफएफ प्रणाली लागू, कैमरे पढ़ेंगे नंबर प्लेट, जाम व टोल विवाद होंगे खत्म

24 जून की रात से टोल को किया जाना था लागू, लेकिन तकनीकी परीक्षण व अंतिम तैयारियों के चलते चरणबद्ध तरीके से किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दिल्ली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर स्थित बस्ताड़ा टोल प्लाजा पर मल्टी लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) प्रणाली लागू होने के साथ ही टोल वसूली व्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश कर गई है। अब वाहन चालकों को टोल टैक्स देने के लिए न तो रुकना पड़ेगा और न ही बैरियर खुलने का इंतजार करना होगा। वाहन अपनी सामान्य गति से गुजरेंगे और टोल राशि स्वतः उनके फास्टैग या संबंधित खाते से कट जाएगी।

नई व्यवस्था के लागू होने के बाद बस्ताड़ा टोल हरियाणा का पहला बैरियर-फ्री टोल प्लाजा बन गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की इस पहल को देश में आधुनिक, डिजिटल और निर्बाध यातायात व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार इस प्रणाली का ट्रायल पिछले दिनों सफलतापूर्वक पूरा किया गया। पहले इसे 24 जून की रात से शुरू किया जाना था, लेकिन तकनीकी परीक्षण और अंतिम तैयारियों के चलते इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया गया। ट्रायल के दौरान किसी प्रकार की बड़ी तकनीकी समस्या सामने नहीं आई और यातायात भी सुचारू रूप से चलता रहा। इसके बाद 25 जून को दोपहर बाद व्यवस्था को पूर्ण रूप से शुरू कर दिया गया।



करनाल। बस्ताड़ा टोल प्लाजा पर शुरू की गई मल्टी लेन फ्री फ्लो प्रणाली के तहत लगाए गए अत्याधुनिक कैमरे और सेंसर। फोटो : हरिभूमि

### पांच महीने पहले शुरू हुई थी तैयारी

बस्ताड़ा टोल पर एमएलएफएफ प्रणाली लागू करने की तैयारी कई महीने पहले शुरू हो गई थी। एनएचएआई ने इस टोल प्लाजा को देश के उन चुनिंदा टोल प्लाजा में शामिल किया था जहां पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बैरियर-लेस टोलिंग व्यवस्था लागू की जानी थी। जनवरी माह में इस परियोजना की घोषणा हुई थी और इसके बाद लगातार तकनीकी ढांचे को विकसित करने, कैमरे लगाने, सेंसर नेटवर्क तैयार करने और सॉफ्टवेयर इंटीग्रेशन का कार्य चलता रहा। तकनीकी परीक्षणों और सिस्टम की सटीकता सुनिश्चित करने के बाद अब इसे आम वाहनों के लिए लागू कर दिया गया है। यदि यह प्रयोग पूरी तरह सफल रहता है तो भविष्य में देश के अन्य व्यस्त टोल प्लाजा पर भी इसी मॉडल को अपनाया जा सकता है।

### एमएलएफएफ प्रणाली से होंगे ये बड़े फायदे

- टोल प्लाजा पर वाहन रोकने की जरूरत समाप्त होगी।
- लंबी कतारों और ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी।
- यात्रा का समय कम लगेगा और सफर अधिक तेज होगा।
- ईंधन की बचत होगी तथा वाहन संचालन लागत घटेगी।
- आपातकालीन वाहनों की आवाजाही अधिक सुगम होगी।

### ऐसे काम करेगी नई व्यवस्था

एमएलएफएफ प्रणाली में सड़क के ऊपर विशेष गैन्ट्री स्ट्रक्चर लगाए गए हैं, जिनमें हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे, सेंसर, आरएफआईडी रीडर और (एएनपीआर) तकनीक लगी है। जैसे ही कोई वाहन इन उपकरणों के नीचे से गुजरेगा, सिस्टम उसकी नंबर प्लेट और फास्टैग की पहचान करेगा। इसके बाद टोल राशि स्वतः कट जाएगी। वाहन को कहीं भी रुकने या गति कम करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### क्या है एमएलएफएफ सिस्टम

मल्टी लेन फ्री फ्लो एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक टोलिंग तकनीक है, जिसमें वाहन को टोल प्लाजा पर रुकना नहीं पड़ता। सड़क के ऊपर लगाए गए कैमरे, सेंसर और नंबर प्लेट पहचान प्रणाली वाहन की पहचान कर टोल राशि स्वतः वसूल लेते हैं।

### इसलिए चुना गया बस्ताड़ा टोल

बस्ताड़ा टोल राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित है, जिसे देश के सबसे व्यस्त हाईवे कॉरिडोर में गिना जाता है। दिल्ली, करनाल, अंबाला, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर की ओर जाने वाले हजारों वाहन प्रतिदिन यहां से गुजरते हैं। त्योहारों, छुट्टियों और सप्ताहांत के दौरान यहां अक्सर लंबी कतारें लग जाती थीं। इन्हीं चुनौतियों को देखते हुए एनएचएआई ने इस टोल प्लाजा को चुना।

### स्थानीय वाहन चालकों के लिए नया नियम

नई व्यवस्था लागू होने के बावजूद स्थानीय श्रेणी के वाहनों के लिए पास प्रणाली जारी रहेगी। स्थानीय वाहन चालकों को निर्धारित शुल्क देकर मासिक पास बनवाना होगा। बिना वैध पास या सक्रिय फास्टैग के स्थानीय वाहन चालकों को भुगतान संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## जगाधरी हाइवे पर हाईड्रा से टकराई ट्रेवलर, 3 की हालत नाजुक




अंबाला। मौके पर क्षतिग्रस्त टेंपो ट्रेवलर। फोटो : हरिभूमि

- अंबाला छावनी के रामपुर मोड़ पर हुआ हादसा, टेंपो ट्रेवलर के परखचे उड़े, घूमने के लिए कश्मीर जा रहा था परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला-जगाधरी हाईवे पर वीरवार तड़के भीषण हादसा हो गया। अंबाला कैंट के रामपुर मोड़ के पास हुए हादसे यात्रियों से भरी एक टेंपो ट्रेवलर हाइवे पर मुड़ रहे हाइड्रा से टकरा गई। करीब चार बजे हुए हादसे में दस यात्री जख्मी हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेम्पो ट्रेवलर के परखच्चे उड़ गए। वाहन में सवार महिलाओं और बच्चों में हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। हादसे का शिकार हुए कई यात्रियों की हालत खराब बताई जा रही है। हालांकि चिकित्सकों की मानें तो ज्यादातर की जान खतरे से बाहर है। सभी घायल सहारनपुर की पीर वाली गली के रहने वाले हैं। पूरा परिवार गर्मियों की छुट्टियां बिताने के लिए टेंपो ट्रेवलर किराए पर लेकर कश्मीर के लिए रवाना हुआ था। उनकी गाड़ी सुबह तड़के अंबाला-जगाधरी हाईवे पर रामपुर मोड़ के पास पहुंची, तभी आगे एक हाइड्रा वाहन से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। राहगीरों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में गंभीर रूप से घायलों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल है। घायलों में अब्दुल वाहिद, जहांगीर आलम, गुलफाम, सलमान, अवदोत, सामत व मिस्बा, गुलअफशां और उजमा सहित 10 साल की बच्ची महिमा शामिल है। बच्ची सहित 3 को रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे से संबंधित सभी पहलूओं पर गहन जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि पुलिस ने हाइड्रा चालक के खिलाफ केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस सिलसिले में जख्मी यात्रियों के बयान दर्ज किए गए हैं।



करनाल। रेलवे अधिकारियों के साथ करनाल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते विधायक जगमोहन आनंद। फोटो : हरिभूमि

## करनाल रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट, एस्केलेटर और सबवे निर्माण की कवायद तेज

- विधायक जगमोहन आनंद ने रेलवे अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं। केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ हुई बैठक के बाद गुरुवार को विधायक जगमोहन आनंद ने रेलवे अधिकारियों के साथ स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के संभावित स्थानों का अवलोकन किया गया। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए प्रस्तावित सबवे निर्माण और उससे जुड़ी तकनीकी व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधायक जगमोहन आनंद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की रूपरेखा शीघ्र अंतिम रूप देकर निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाए ताकि यात्रियों को जल्द आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार करनाल रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस दौरान एडीईएन अजीम बशीर, सीनियर सेक्शन इंजीनियर विजय सरोहा, स्टेशन अधीक्षक संजय सक्सेना, सीएमआई विनोद आदि रहे।

## एचकेआरएन में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.10 लाख की ठगी, पैसे मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

**यमुनानगर।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 1.10 लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी कलानौर की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के पास से ठगी गई रकम में से 70 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। अदालत में पेश किए जाने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।चौकी प्रभारी राजीव कुमार के अनुसार, गांव बहरामपुर निवासी हरीराम उर्फ शंटी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी जान-पहचान भोगपुर निवासी रति राम से थी, जिसने उसे अंबाला जिले के गांव सरकपुर निवासी सुरेश कुमार से मिलवाया था।आरोप है कि दोनों ने खुद को प्रभावशाली लोगों और अधिकारियों के संपर्क में होने का दावा करते हुए एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इसके एवज में उन्होंने 1.50 लाख रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता ने विश्वास कर अलग-अलग अवसरों पर कुल 1.10 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए।पीड़ित का आरोप है कि रकम लेने के बाद आरोपी लंबे समय तक नियुक्ति पत्र जारी होने की बात कहकर टालमटोल करते रहे।

## अवैध कॉलोनियों पर चला डीटीपी का बुलडोजर

**पानीपत।** पानीपत जिला में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही पांच अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान करीब 25 डीपीसी, एक निर्माणाधीन ढांचे तथा कॉलोनियों में विकसित किए गए आंतरिक सड़क नेटवर्क को भी हटाया गया। जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) की अगुवाई में चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत राजस्व एस्टेट रकसेड़ा, दीकड़ला और समालखा क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान जेसीबी मशीनों की सहायता से अवैध विकास कार्यों को पूरी तरह ध्वस्त किया गया। कार्रवाई को शांतिपूर्ण एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासन की मौजूदगी में अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया गया और कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही।



## विश्वविद्यालय गैर-शिक्षक कर्मचारियों का राज्य स्तरीय अधिवेशन 28 को कुरुक्षेत्र में

- एचकेआरएन कर्मियों को अभी तक नहीं मिला जॉब सिक्योरिटी लेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते संयोजक प्रवीन कश्यप। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के गैर-शिक्षक कर्मचारियों का राज्य स्तरीय अधिवेशन 28 जून को शांतिकुंज भवन में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयोजक एवं भारतीय मजदूर संघ से जुड़े कर्मचारी नेता प्रवीन कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के संयोजक, गैर-शिक्षक कर्मचारी संघों के पदाधिकारी तथा कार्यकारिणी सदस्य भाग लेंगे। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश स्तरीय गैर-शिक्षक कर्मचारी कार्यकारिणी का गठन एवं घोषणा करना है। प्रवीन कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय मंत्री सोहन लाल गुप्ता तथा प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में विश्वविद्यालय कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा गुरुग्राम में कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को 15 जून तक जॉब सिक्योरिटी लेटर जारी करने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक किसी भी कर्मचारी को जॉब सिक्योरिटी लेटर प्राप्त नहीं हुआ है। इससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। अधिवेशन में इस विषय पर भी विचार-विमर्श कर आगामी रणनीति तय की जाएगी।

## युवक ने घर में घुसकर किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में युवक ने घर में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित किशोरी की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांधीनगर थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत एक फरवरी को वह परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से घर से बाहर गई थी। इस दौरान उनकी कॉलोनी का ही मोहित उनके घर पर आ गया और उसकी लड़की को घर पर अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। महिला ने बताया कि डर के कारण उसकी बेटी ने घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। मगर इसके बाद आरोपी फिर से उसकी लड़की के साथ गलत काम करने का प्रयास करने लगा। परेशान होकर उसकी लड़की ने उसे घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना गांधीनगर पुलिस थाने में दी।

## 7 लाख 95 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



पुलिस द्वारा अपराधियों व साइबर ठगों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो आरोपियों को काबू किया गया है। जांच टीम की मानें तो पकड़े गए दोनों आरोपियों ने 7,95,000 की ऑनलाइन ठगी की थी। आरोपी उत्तर प्रदेश के इटावा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। आरोपियों की पहचान जावेद वारसी व आफताब के तौर पर हुई है। इस मामले में पुलिस अब तक चार आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। उप-निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि ये आरोपी बेहद शातिर तरीके से काम करते थे। ये भोले-भाले लोगों को पैसों का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। खाताधारकों को उनका हिस्सा देने के बाद ये आरोपी अपना कमीशन काटकर बाकी की मोटी रकम मुख्य साइबर ठगों को ट्रांसफर कर देते थे। दरअसल कसेरला खुर्द गांव के जसविंदर सिंह ने 21 जनवरी 2026 को साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 14 जनवरी से 17 जनवरी 2026 के बीच बदमाशों ने नकली पीएनबी बैंक कर्मचारी बनकर उनसे संपर्क किया।

## डीएवी स्कूल की छात्रा ने बनाया इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान

# समृद्धि ने सर्वाधिक एडवांस योगासन में रचा इतिहास

समृद्धि ने 14 वर्ष 5 माह 30 दिन की आयु में हासिल की उपलब्धि, 24 जून को हुई आधिकारिक पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। सम्मान प्राप्त करती समृद्धि शर्मा। फोटो : हरिभूमि

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र की कक्षा दसवीं की प्रतिभाशाली छात्रा समृद्धि शर्मा ने अपनी अद्भुत योग प्रतिभा के बल पर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कर विद्यालय, अभिभावकों एवं जिले का गौरव बढ़ाया है। समृद्धि शर्मा ने सिर पर जलता हुआ दीपक संतुलित रखते हुए सर्वाधिक एडवांस योगासन करने का अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा जारी प्रमाणपत्र के अनुसार, समृद्धि ने 14 वर्ष 5 माह 30 दिन की आयु में यह असाधारण उपलब्धि हासिल की। उनके इस रिकॉर्ड की आधिकारिक पुष्टि 24 जून 2026 को की गई। समृद्धि की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनकी सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस अवसर पर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र की प्राचार्या श्रीमती गीतिका जसूजा ने समृद्धि शर्मा व स्कूल के योगा कोच राजेश कुमार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय को अपनी छात्रा की इस अद्वितीय उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने कहा कि समृद्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे कुरुक्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी समृद्धि की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समृद्धि की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेल, योग एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

## खबर संक्षेप

### 101 मामलों में 110 आरोपियों को हुई सजा

**करनाल।** सहायक निदेशक (अभियोजन) एवं जिला न्यायवादी डॉ. पंकज सैनी ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत नशा तस्करी के मामलों में करनाल जिला लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रहा है। जिला में नशा संबंधी मामलों में दोषियों को सजा दिलाने की औसत दर लगभग 80 प्रतिशत रही है। वर्ष 2025 में 101 मामलों में 110 आरोपियों को सजा सुनाकर जेल भेजा गया। वहीं 2024 में 204 मामलों में से 178 मामलों में दोष सिद्ध होने पर आरोपियों को सजा हुई। वर्ष 2026 में भी अब तक 46 मामलों में 52 आरोपियों को सजा सुनाई जा चुकी है।

### एडीए स्क्रीनिंग परीक्षा को लेकर धारा-163 लागू

**करनाल।** सहायक जिला अटॉर्नी (ग्रुप-बी) पद की स्क्रीनिंग परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलमुक्त ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े प्रबंध किए हैं। जिलाधीश डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। 5 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होने वाली परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों और उनके 200 मीटर के दायरे में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने तथा हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा के दिन सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट दुकानों को भी बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**करनाल।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 26 जून को दोपहर 2 बजे पंचायत भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक में कुल 12 मामलों पर विचार किया जाएगा, जिनमें पांच पुराने और सात नए मामले शामिल हैं। ये मामले विभिन्न विभागों से संबंधित हैं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में समिति के मनोनीत सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे ताकि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### पत्रकारिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने कहा कि बदलते तकनीकी दौर में पत्रकारिता, जनसंचार और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में रोजगार की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। नई तकनीकों के कारण मीडिया के अनेक नए प्लेटफॉर्म विकसित हुए हैं, जिन्हें समझना समय की आवश्यकता है। इग्नू द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार से जुड़े पाठ्यक्रमों को रोजगारपरक और व्यावहारिक दृष्टिकोण से तैयार किया गया है। विद्यार्थी पत्रकार, कंटेंट राइटर, जनसंपर्क विशेषज्ञ, विजुअल एडिटर, विज्ञापन और डिजिटल मीडिया प्रोफेशनल के रूप में करियर बना सकते हैं।

# बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में कर्मियों का प्रदर्शन

## पांचवां डिस्कॉम बनाने के प्रस्ताव पर जताया विरोध

- 30 जून को सर्कल स्तर पर रोष प्रदर्शन की घोषणा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ करनाल

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन ने बिजली विभाग में प्रस्तावित पांचवां डिस्कॉम बनाने और विभाग को निजी हाथों में सौंपने के विरोध में गुरुवार को राजीव गांधी विद्युत सदन में चार घंटे की गेट मीटिंग आयोजित की। कर्मचारियों ने सरकार और विभागीय नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

गेट मीटिंग की अध्यक्षता सिटी यूनिट प्रधान राजकुमार चौधरी ने की, जबकि संचालन सचिव दीवान चंद और अमी सिंह राणा ने किया। इस दौरान यूनियन नेताओं ने कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाई जाए, कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया जाए तथा डीसी रेट और एचकेआरएन कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए। यूनियन ने इंटर यूटिलिटी ट्रांसफर प्रक्रिया शुरू करने, कर्मचारियों को रिस्क अलाउंस देने तथा दूर-दराज क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को उनके होम सर्कल में नियुक्त करने की भी मांग की। केंद्रीय परिषद के चेयरमैन देवेंद्र शर्मा और एपीएस नवीन कुमार ने कहा कि मांगों को लेकर आंदोलन चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। 26 जून को डिवीजन स्तर पर गेट मीटिंगें आयोजित की जाएंगी, जबकि 30 जून को सर्कल स्तर पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर पंकज लाठर, संदीप मलिक, जतिंद्र सिंह, सुभाष चंद, सत्यवान, सोमपाल, सोनू चहल, सुमित, उपेंद्र यादव, प्रदीप, इंद्रजीत, मुनीश, संजय, अरविंद, विनोद, परविंद्र, रामगोपाल, नरेश, रिंकू शर्मा और रामपाल आदि रहे।



**करनाल।** राजीव गांधी विद्युत सदन में गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी।

### जॉब सिक्योरिटी के लिए एक को प्रदर्शन

**करनाल।** हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ की बैठक गुरुवार को कर्ण लेक परिसर में प्रदेश महामंत्री महिंद्र नरवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) और ठेका कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कर्मचारियों ने कहा कि सरकार 58 वर्ष तक रोजगार सुरक्षा देने के मुद्दे पर स्पष्ट निर्णय नहीं ले रही है। कर्मचारियों का कहना था कि बढ़ती महंगाई के बीच 11 हजार रुपये मासिक वेतन में परिवार का भरण-पोषण करना बेहद कठिन हो गया है। महिंद्र नरवाल ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर संगठन को और मजबूत बनाने की जरूरत है। 58 वर्ष तक जॉब सिक्योरिटी और अन्य मांगों के समर्थन में एक जुलाई को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# जेई को धमकी मामले में ठेकेदार ने मांगी माफी, धरना समाप्त

- लिखित आश्वासन के बाद डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने खत्म किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ करनाल

ब्लिक हेल्थ विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) को फोन पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को मॉडल टाउन स्थित विभागीय कार्यालय के बाहर अधिकारियों और कर्मचारियों ने धरना देकर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

करनाल, असंध, इंद्री, नीलोखेड़ी और घरौंडा से बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी धरना स्थल पर पहुंचे तथा ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की। मामले को गंभीर होता देख ठेकेदार नरेश स्वयं धरना स्थल पर पहुंचा और कनिष्ठ अभियंता संजीव कुमार से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। इसके साथ ही उसने लिखित रूप में आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा नहीं होगी। कार्यकारी अभियंता अभिषेक और कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया, जिसके उपरांत धरना समाप्त कर दिया गया। धरने में शमशेर सिंह गुमटो, राजिंदर कुटेल, राजेश मदान, हरविंदर सिंह, जसबीर आर्य, राकेश गौतम, अर्पित धीमान, गौरव सैनी, सुनील तुली, जसमेर लाल आदि मौजूद रहे।




**करनाल।** मॉडल टाउन स्थित पब्लिक हेल्थ कार्यालय के बाहर धरने के दौरान मौजूद डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के सदस्य।

# निर्जला एकादशी पर कस्बे में जगह-जगह लगी छबील

- सेवा, श्रद्धा और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ तरावड़ी

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर शहर में सेवा, श्रद्धा और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह ठंडे पेय पदार्थों के स्टॉल लगाकर राहगीरों की सेवा की गई। नगरपालिका रोड पर दया सेवा समिति द्वारा भव्य छबील का आयोजन किया गया।

समिति के प्रधान दयावान सिंगला के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य में यशपाल गिरधर, अरुण सैनी, सुनील परवेज, अनिल कुमार, अशोक जांगड़ा, सुनील जांगड़ा, मुनीश परवेश, रोशनलाल गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने बढ़-चढकर भाग लिया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। वहीं शहर के व्यस्त सौंकड़ा चौक करनाली गेट पर समाजसेवी योगेश सरदाना द्वारा कोल्ड ड्रिंक वितरण का विशेष प्रबंध किया गया। यहां लिम्का, कोका-कोला, थम्स अप सहित विभिन्न पेय पदार्थों का वितरण किया गया। उनके सहयोगियों ने भी आसपास के क्षेत्र में घूमकर लोगों को ठंडे पेय वितरित किए। इस अवसर पर जैकी सचदेवा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। भगत सिंह चौक स्थित भगत सिंह मार्केट एसोसिएशन ने भी निर्जला एकादशी के अवसर पर मीठी व ठंडी लस्सी की छबील लगाई। इस दौरान सुरेश गुप्ता, जोगिंदर आहूजा, भाजपा कार्यकर्ता उमेश शर्मा व पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता सहित अन्य व्यापारियों ने राहगीरों को लस्सी पिलाकर सेवा की। इसी क्रम में नगरपालिका रोड पर हनुमान सेवा समिति द्वारा ठंडे जलजीरे का स्टॉल लगाया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने गर्मी से राहत पाई।

# संघर्ष व परिश्रम से बसाया गया नीलोखेड़ी : शिवनाथ

- हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, में इंटर्नशिप कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ नीलोखेड़ी

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी में चल रहे इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत इंटर्न्स ने आज मार्केट कमेटी के चेयरमैन ओर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनाथ कपूर से मुलाकात कर नीलोखेड़ी के इतिहास, भारत विभाजन की त्रासदी तथा शहर के निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक जानकारियां प्राप्त कीं। शिवनाथ कपूर ने बताया कि वर्ष 1947 के भारत विभाजन के दौरान लाखों लोगों को अपना घर-बार छोडऩे के लिए मजबूर होना पड़ा। उस समय चारों ओर हिंसा,और भय का माहौल था। विस्थापित परिवारों के लिए सबसे पहले झांसा में शरणार्थी शिविर स्थापित किए गए, जहां उन्हें भोजन, आवास और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसके बाद पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू हुई और अनेक परिवारों को नीलोखेड़ी सहित विभिन्न स्थानों पर बसाया गया। नीलोखेड़ी का निर्माण केवल ईंट-पत्थरों से नहीं, बल्कि पुरुषार्थियों की मेहनत, संघर्ष और आत्मविश्वास से हुआ है। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद लोगों ने दिन-रात मेहनत कर इस नगर को बसाया और इसे विकास की नई पहचान दिलाई।

# ट्राले से मुक्त करवाए 23 गोवंश

- गोरक्षक दल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, दो व्यक्ति काबू

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ करनाल

करनाल में मेरठ मार्ग पर रविवार सुबह गौरक्षक दल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गोवंश से भरे एक ट्राले को पकड़ा गया। ट्राले में गायों और बछड़ों को बेहद तंग हालत में भरकर ले जाया जा रहा था। सूचना मिलने के बाद की गई कार्रवाई में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया, जबकि ट्राले से 23 गोवंश बरामद किए गए।

गोरक्षक दल को सुबह सूचना मिली थी कि पंजाब की ओर से एक ट्राला उत्तर प्रदेश की तरफ जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में गोवंश भरा हुआ है। सूचना मिलते ही दल के सदस्य सक्रिय हो गए और पुलिस को भी इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद मेरठ मार्ग पर निगरानी बढ़ा दी गई। गौरक्षक दल के सदस्यों ने सुबह करीब छह बजे संदिग्ध ट्राले को रोक लिया। जब ट्राले की जांच की गई तो उसमें गाय और बछड़े ठूंस-ठूंसकर भरे हुए मिले। कई पशु असहज स्थिति में थे और उन्हें खड़े होने तक की पर्याप्त जगह नहीं मिल रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्राले को कब्जे में लेकर उसमें सवार दोनों व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पशुओं की गिनती और आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई।



**करनाल।** मौके पर एकत्र लोग।

## पार्किंग व पेयजल नेटवर्क से मिलेगा आधुनिक व्यावसायिक केंद्र

# कर्ण कॉमर्शियल सेंटर फेज-2 की बदलेगी तस्वीर

- नलगभग 7 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से बन रही परियोजना

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ करनाल

नगर निगम ने शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र कर्ण कॉमर्शियल सेंटर (मुगल कैनाल) फेज-2 के व्यापक विकास कार्यों की शुरुआत कर दी है। लगभग 7 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना के तहत आधुनिक सड़क, पार्किंग, फुटपाथ, सीवरेज निकासी और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था विकसित की जाएगी। उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में आधुनिक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाकर व्यापारिक गतिविधियों को और अधिक सुगम बनाना है। पुरानी सब्जी मंडी पुलिया स्थित एएम-पीएम स्टोर से सेक्टर-14 स्थित होंडा शोरूम तक करीब 1100 मीटर लंबी बिटुमिन सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क के एक ओर इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉकों से पार्किंग क्षेत्र विकसित किया जाएगा तथा चेकर टाइलों से सुसज्जित फुटपाथ बनाए जाएंगे। इन कार्यों पर लगभग 6 करोड़ 40 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। वर्तमान में पुराने मलबे को हटाने और खुदाई का कार्य जारी है। निकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए करीब 1400 मीटर लंबी सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। 10 इंच, 12 इंच और 2 फुट व्यास की पाइपलाइनें डालने पर लगभग 58.72 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके बाद 1100 मीटर लंबी चार इंच व्यास की नई पेयजल लाइन बिछाई जाएगी, जिस पर लगभग 19 लाख रुपये की लागत आएगी। यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, पार्किंग की समस्या कम होगी, पैदल यात्रियों को सुरक्षित फुटपाथ मिलेंगे और सीवरेज व पेयजल व्यवस्था मजबूत होगी। इससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और कर्ण कॉमर्शियल सेंटर आधुनिक व्यावसायिक केंद्र के रूप में विकसित होगा।




**करनाल।** कर्ण कॉमर्शियल सेंटर फेज-2 में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते अधिकारी।

### अव्यवस्था,यातायात बाधाओं पर इनेलो ने जताई चिंता

**करनाल।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) व्यापार सैल के प्रदेश प्रधान महासचिव शिव बजाज ने शहर में निर्माणाधीन सिंगल पिलर फ्लाईओवर को व्यापारियों और आमजन के लिए गंभीर परेशानी का कारण बताया है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों के अभाव में राहगीरों और वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है।

शिव बजाज ने कहा कि रेलवे रोड से सेक्टर-14 तक तथा वाल्मीकि चौक से बस स्टैंड क्षेत्र तक निर्माण कार्य के चलते अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। कई स्थानों पर बैरिकेडिंग नहीं की गई है और निर्माण सामग्री, विशेषकर लोहे के सरिए, सड़कों पर बिखरे पड़े हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है।

## न्यूज डायरी

### रसूलपुर से जोहड़ माजरा तक सड़क निर्माण की मांग



**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनी तथा दूरभाष के माध्यम से अधिकारियों को इन समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि उनका यही प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो,जिससे उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि जिस गांव में कोई समस्या हो, उसे तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग के हित, किसानों की खुशहाली और क्षेत्र की समृद्धि सुनिश्चित करना है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और प्रत्येक गांव में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जोहड़ माजरा निवासी सुरेश पाल ने रसूलपुर से जोहड़ माजरा तक की सडक बारे, रजनी निवासी भौजी खालसा ने मकान की ग्रांट बारे, मुरादगढ़ निवासी गीता ने आर्थिक सहायता बारे, चांदसमद निवासी राजकुमार ने बीपीएल कॉलोनी से 11 केवी की बिजली लाइन शिफ्ट करवाने बारे, गोरगढ़ निवासी मदन ने बस लगवाने बारे सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान बारे विधायक से अनुरोध किया। विधायक ने सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

### हजारों लोगों को बांटा ब्रेड पकोड़े का प्रसाद

**करनाल।** निर्जला एकादशी के अवसर पर श्री अग्रवाल सभा सेक्टर-13 करनाल द्वारा शीतल जल की छबील लगाकर राहगीरों की सेवा की गई। सभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हजारों लोगों को ठंडा पानी पिलाया तथा ब्रेड पकोड़े का प्रसाद वितरित किया। सभा के प्रधान नीरज अग्रवाल ने बताया कि संस्था पिछले 24 वर्षों से विभिन्न सामाजिक और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि अमर अस्पताल के समीप पिछले 20 वर्षों से लगातार छबील लगाई जा रही है। इसके अतिरिक्त वर्षभर में सभा द्वारा दो बड़े सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर किशांत गुप्ता ने अपने पुत्र प्रयान का जन्मदिन भी लोगों को शीतल जल पिलाकर मनाया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान हरीश अग्रवाल, अमित गर्ग, पंकज गर्ग, विनोद गुप्ता, भूषण गोयल, मुकेश अग्रवाल, भूषण अग्रवाल, हेमराज मित्तल, जगमाल गुप्ता, महेंद्र गर्ग, सतपाल ढींगड़ा, मुकेश सिंगला, दिनेश अग्रवाल, ओपी गर्ग, गौरव अग्रवाल और अन्य सदस्यों ने सेवा कार्य में सहयोग दिया।

### रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट, एस्केलेटर की कवायद तेज



**करनाल।** करनाल रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं। केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ हुई बैठक के बाद गुरुवार को विधायक जगमोहन आनंद ने रेलवे अधिकारियों के साथ स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के संभावित स्थानों का अवलोकन किया गया। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए प्रस्तावित सबवे निर्माण और उससे जुड़ी तकनीकी व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधायक जगमोहन आनंद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की रूपरेखा शीघ्र अंतिम रूप देकर निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाए ताकि यात्रियों को जल्द आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार करनाल रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एडीईएन अजीम बशीर, सीनियर सेक्शन इंजीनियर विजय सरोहा, स्टेशन अधीक्षक संजय सक्सेना, सीएमआई विनोद धीमान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक राणा ने लाभार्थियों को सौंपी सहायता राशि



**असंध/करनाल।** मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अंतर्गत गुरुवार को असंध मार्केट कमेटी कार्यालय में लाभार्थियों को आर्थिक सहायता राशि वितरित की गई। विधायक योगेंद्र राणा ने अरडाना निवासी गुरचरण सिंह तथा जयसिंहपुर की तानिया को 37 हजार 500 रुपये की सहायता राशि के चेक प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि यह योजना किसानों और खेतीहर मजदूरों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कृषि कार्यों के दौरान दुर्घटना में मृत्यु अथवा अंगभंग होने की स्थिति में पात्र परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि कृषि मशीनरी, औजार, ट्यूबवेल, कुआं खोदने, क्रेन, क्रेशर, कोल्हू, चारा काटने की मशीन या थ्रेसर आदि से जुड़े कार्यों के दौरान होने वाली दुर्घटनाएं भी योजना के दायरे में आती हैं। योजना का लाभ लेने के लिए दुर्घटना के दो माह के भीतर संबंधित मार्केट कमेटी कार्यालय में आवेदन करना आवश्यक है। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रवीण राणा, वाइस चेयरमैन रामावतार जिंदल, सचिव देवी राम तथा अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने सीखे स्वस्थ जीवन के मंत्र

**करनाल।** संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-131) के अंतर्गत ग्लोबल पैराडाइज कॉन्वेंट स्कूल, घरौंडा में "मेरा मिशन स्वस्थ भारत" के तहत विशेष योग शिविर आयोजित किया गया। योग विशेषज्ञ दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए 413 एनसीसी कैडेटों ने योगाभ्यास किया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग को केवल एक दिन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग तन, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर व्यक्ति को स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। कैंप कमांडेंट कर्नल एस.एस. नेगी ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करता है। नियमित योगाभ्यास शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने मारपीट करने वाले दो आरोपित पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने सनौली रोड पर एक ऑफिस में घुसकर नवादा पार निवासी मोहम्मद फारूक पर लाठी, डंडों से हमला करने के और दो आरापियों अनस व सोहेल निवासी विद्यानंद कालोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि दोनों आरोपियों ने मारपीट के इस मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने तीन साथी आरोपी समीर, फुरकान, समीर और फरार अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है। वहीं, इस मामले में थाना चांदनी बाग में नवादा पार गांव निवासी मोहम्मद फारूख पुत्र शमशाद की शिकायत पर केस दर्ज है।

### बदमाशों ने सुपरवाइजर को लाठी डंडों से पीटा

**पानीपत।** पानीपत के पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र के तहत आने वाले आदर्श नगर में बीच सड़क पर कार और बाइक सवार बदमाशों ने अंकित निवासी शांतिनगर, पानीपत, मूल निवासी बागपत, उत्तर प्रदेश को घेरकर लाठी-डंडों, लात-घूंसों और बेल्टों से पीट कर लहूलुहान कर दिया। अंकित की हालत चिंताजनक है और उसका करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। दूसरी ओर, पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने अंकित पर हुए हमले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की जांच में पता चला है कि अंकित टेक्सटाइल फैक्टरी में सुपरवाइजर है है और उसकी किसी के साथ रंजिश नहीं है।

### रेहड़ी हटवाने के विवाद में दंपति व पुत्र को पीटा

**पानीपत।** पानीपत में जाटल रोड से गोशाला जाने वाले रास्ते पर बीच सड़क खड़ी कचरे की रेहड़ी को साइड करवाने को लेकर शास्त्री कालोनी निवासी राजबाला, इसकी पति बलबीर सिंह व पुत्र विवेक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर, राजबाला की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं विवेक, आस्ट्रेलियां में निवास कर रहा है और उसके पास वहां की नागरिकता है। मारपीट में विवेक द्वारा गले में पहनी गई सोने की चेन भी खो गई।

### आरडब्ल्यूए के प्रधान पद के चुनाव की सरगर्मियां तेज

**पानीपत।** अंसल सुशांत सिटी में आरडब्ल्यूए के प्रधान पद के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन्हीं सरगर्मियों के चलते प्रधान पद के प्रमुख दावेदार श्री राधा कृष्ण गौशाला समिति के प्रधान राजीव जैन ने तो चुनाव कार्यालय खोला। जिसका शुभारंभ शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने किया। इस अवसर पर पार्षद पति सुरेंद्र परूथी, सुरेश गुंबर, संदीप सूरी, विनोद जुनेजा, उमनपाल सिंह, सुनील छिंदा, अशोक अग्रवाल, हेमंत रोहिल्ला, बलबीर मलिक, गुलशन तलवाड़, राजेंद्र जैन, भूषण मदान, हरबंस आनंद आदि मौजूद रहे।

### समर कैंप में बच्चों को करवाया योग का अभ्यास

पानीपत। शहीद मेजर आशीष धौंचक राजकीय विद्यालय गांव बिंझौल में समर ग्रीन कैंप चल रहा है। स्कूल के ओपन जिम में बच्चों को पानीपत कब डीओसी हरिओम ने जिम और योग करवाया। उन्होंने बताया कि समर ग्रीन कैम्प लगाया जा रहा है। जिसमें रोजना बच्चों से अलग अलग गतिविधियों को करवाया जा रहा है। वहीं ज्योति ने बच्चों संग मिलकर नशा मुक्ति पर जन चेतना रैली निकाली। जिससे गांवों वालों को नशा ना करने के लिए प्रेरित किया।

### सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल मिले इलाज

**पानीपत।** सडक दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर उपचार उपलब्ध करवाने और प्रधानमंत्री राहत स्कीम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने वीरवार को जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में स्कीम के तहत लाभार्थियों को शीघ्र सहायता प्रदान करने तथा अस्पतालों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

## लखनऊ अग्निकांड से सबक : आग सुरक्षा व्यवस्था की होगी गहन जांच

# सुरक्षा मानकों में लापरवाही बरतने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: डीसी

**सुरक्षा के नियमों की अनदेखी बड़े हादसों का बन सकती है कारण व्यवस्था करें दुरुस्त**

**कोचिंग सेंटर, बैंक्वेट हॉल और व्यावसायिक भवनों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर**


पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।


पानीपत। उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ लोगों की शिकायते सुनते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुई दुखद अग्नि दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिला उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने सभी संबंधित विभागों, संस्थानों, कोचिंग सेंटरों, बैंक्वेट हॉल, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा भवन संचालकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे अपनी अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन एक्शन प्लान तत्काल प्रभाव से तैयार रखें तथा नियमित रूप से उसकी समीक्षा करें। डीसी डॉ वशिष्ठ ने कहा कि ऐसी दुखद घटनाएं हमें यह सोचने पर मजबूर करती हैं कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आपदा प्रबंधन में छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसों का कारण बन सकती है। इसलिए सभी संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे सुरक्षा नियमों का पूरी गंभीरता से पालन सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि आगामी पांच दिनों में जिला प्रशासन द्वारा किसी भी समय औचक निरीक्षण किया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान यदि कहीं अग्निशमन उपकरणों की कमी, आपातकालीन निकास मार्गों में बाधा, सुरक्षा मानकों की अनदेखी अथवा अन्य किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी, संस्थान या भवन संचालक के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ में हुई दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए हमें पहले से सतर्क रहना होगा।

## एक ही छत के नीचे हो रहा लोगों की सभी समस्याओं का त्वरित समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनहितैषी नीतियों और दूरदर्शी सोच के तहत आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर आमजन के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनकर उभर रहे हैं। इन शिविरों में लोगों की समस्याओं का एक ही छत के नीचे त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिल रही है। वीरवार को आयोजित जनता समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने स्वयं जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह का स्पष्ट उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनता समाधान शिविर इसी सोच का परिणाम हैं, जहां प्रशासन उनकी समस्याओं का निवारण कर रहा है। इस अवसर पर एडीसी अंकित चौकसे, एसडीएम मनदीप कुमार, सीटीएम टीनू पोसवाल, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएसपी सतीश वत्स, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित कुमार, देशबंधु कॉलेज के प्राचार्य सुभाष, डॉ. प्रज्ञा ईएसई, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता आदित्य कुंडू, जीएम रोडवेज विक्रम कंबोज, आरओ भूपेंद्र चहल आदि अधिकारी उपस्थित रहे।


पानीपत। बीके अंजना श्रद्धालुओं को दूध भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जल का संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी : अंजना

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 25 स्थित ब्रह्माकुमारी राजयोग मेडिटेशन सेंटर में निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए दूध और शीतल पेय का वितरण किया गया। सेवा केंद्र संचालिका बीके अंजना ने शाब्दिक अर्थ सहित इस पर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, जल का उचित प्रयोग करना चाहिए, बिना किसी वजह के जल का बहाव करना पाप है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को जल की बचत करनी चाहिए और जल संरक्षण के प्रति समाज के हर वर्ग को जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर सेवा करने वालों में ओपी सेतिया, रविंद्र नांदल, बलदेव वर्मा, कर्मबीर, सत्यप्रकाश, सचिन, राज सेतिया, शान्ति भूटानी, शल्लू, प्रोमिला नांदल, शील माटा, अन्नू अग्रवाल शामिल रहे।


पानीपत। बाल भवन में बच्चों को उपहार भेंट करते हुए नीरू विज व ऋतु राठी।

### बच्चों के हुनर को पहचान कर निखारें : नीरू

**पानीपत।** पानीपत बाल भवन में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहरी विधायक प्रमोद विज की धर्मपत्नी समाजसेवी नीरू विज मुख्य रूप से पहुंचीं वही उनकी पुत्रवधु मुख्यरूप से मौजूद रही। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें खाने-पीने की सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में समाजसेवी अनु कालड़ा, अमिता चोपड़ा भी शामिल हुईं। समापन समारोह में बच्चों ने शिविर के दौरान सीखी गई विभिन्न गतिविधियों की प्रस्तुति दी। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास देखकर मौजूद लोगों ने उनकी सराहना की। नीरू विज ने कहा कि हर बच्चे में कोई ना कोई हुनर होता है, जरूरत है उसे पहचान कर निखारने की। जिला बाल कल्याण अधिकारी ऋतु राठी ने बताया कि समर कैंप बच्चों ने डांस, जूडो, कराटे सहित कई गतिविधियों में हिस्सा लिया और अपने हुनर को निखारा। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस तरह के मंच मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं।

## पेड़ पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना असंभव: अंकित गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

अपने जन्मदिन के अवसर पर ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने पौधारोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने पौधा लगाते हुए कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। एक पौधा लगाना केवल प्रकृति को बचाने का प्रयास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, बेहतर वातावरण और सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा जन्मदिन पर केक काटने के साथ-साथ यदि हम एक पौधा लगाकर प्रकृति को उपहार दें, तो यह हमारे जीवन के सबसे यादगार कार्यों में से एक हो सकता है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि वृक्ष हमें बिना किसी भेदभाव के जीवन देते हैं। पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण कम करने और मानव जीवन को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हो सके तो हमे अपने जीवन के विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या अन्य खुशी के अवसरों पर कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए। उन्होंने कहा क्योंकि एक पेड़ आने वाले वर्षों में अनेक लोगों के जीवन को लाभ पहुंचाता है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि सामाजिक सेवा, मानवता और पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों से ही एक बेहतर और संवेदनशील समाज का निर्माण संभव है।

## शहर में आस्था और भक्ति के साथ मनाई निर्जला एकादशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में निर्जला एकादशी धूमधाम से मनाई गई। निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं ने नागरिकों को मीठा, दूध मिला जल पिलाया। इधर, पानीपत के मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर सभा द्वारा निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर के बाहर राहगीरों एवं श्रद्धालुओं के लिए ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ किया गया। सभा के प्रधान तरुण गांधी ने क्षेत्रवासियों को निर्जला एकादशी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, तपस्या और सेवा की भावना का संदेश देता है। दूसरी ओर, अशोक विहार कॉलोनी वार्ड आठ स्थित चित्रकूट धाम श्रीराम मंदिर श्रीराम चौक पर निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में मीठे जल की छबील लगाई गई। इस अवसर पर डा.मोहित रोहिला, एडवोकेट राहुल पांचाल, मोनू वर्मा, रुद्र चौधरी, समर्थ मलिक, अंकित रोहिला, राहुल लाकरा, कृष्ण मलिक, शिवम कुमार, गुंजन सिंह, प्रिंस चौधरी, हरिओम रोहिला, हरि चौधरी, एकांक्ष पाण्डेय, मृदुल, कृष्ण, सीटू


पानीपत। चित्रकूट धाम श्रीराम मंदिर पर जल सेवा करते हुए श्रद्धालु।



पानीपत। समाजसेवी निशांत व मोहित, गौशाला को वाटर कूलर भेंट करते हुए।

## निर्जला एकादशी पर गोशाला को दिया वाटर कूलर

इसराना। शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में वीरवार को समाजसेवी निशांत ने अपनी दादी मां चंद्रो देवी व मोहित ने अपने दादा गुलाब सिंह पुत्र लालचंद की स्मृति में गांव बांध स्थित श्री राधा कृष्ण कृपा गौशाला आश्रम समिति में वाटर कूलर भेंट किया। वहीं, वाटर कूलर से इस भीषण गर्मी में राहगीरों व ग्रामवासियों की प्यास बुझेगी। गौशाला प्रबंधन समिति की ओर से गौशाला के प्रधान संदीप भारद्वाज एडवोकेट ने दानियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि समर्थ नागरिकों को गाय माता के नाम पर गौशालाओं को दानपुण्य करना चाहिए। इस अवसर पर गांव के सरपंच मा.नरेश कुमार, राममेहर शर्मा, गौसेवक दीपक, भविष्य भारद्वाज, निवेश भारद्वाज, संदीप भारद्वाज, संजीत कौशिक, सूरत सिंह, निशांत, मोहित व कृष्ण घनघस एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

### पानीपत में ड्रेन सफाई पूरी: उपायुक्त

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीरवार को पानीपत के उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्री-मानसून तैयारियों, ड्रेनों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था, कमर्शियल भवनों में सुरक्षा मानकों तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, डीसी डॉ वशिष्ठ ने मुख्य सचिव के समक्ष जिले की स्थिति एवं मानसून को लेकर की गई तैयारियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। प्री-मानसून तैयारियों, ड्रेनों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था, कमर्शियल भवनों में सुरक्षा मानकों तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल: रमेश

- कांग्रेस के नवनियुक्त तीन ब्लाक अध्यक्षों का अभिनंदन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों का स्वागत करते कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष रमेश मलिक, सचिन कुंडू व अन्य कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

पानीपत ग्रामीण कांग्रेस के कार्यालय में वीरवार को पानीपत ब्लाकाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा का शहरी पानीपत अध्यक्ष जयकुमार बिंदल और इसराना ब्लाकाध्यक्ष रणजीत रोड अहर का पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि पानीपत जिला में तीनो ब्लाक अध्यक्षों राजेंद्र शर्मा, जयकुमार बिंदल व रणजीत रोड की नियुक्ति से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी और तीनों ब्लाक अध्यक्ष अपने-अपने ब्लाकों में कांग्रेस का बूथ स्तर तक मजबूत संगठन तैयार करेंगे। रमेश मलिक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनसेवा करने में हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सचिन कुंडू, बलबीर वाल्मीकि, कंवर सिंह छोक्कर, दीपक खटकड़, बलवान वाल्मीकि, जगदीश जांगड़ा, सुभाष तंवर सुताना डीपी ग्रोवर, फुरकान नरवाल, सप्टर अली, जसबीर पन्नू, डॉ जगबीर पार्षद, सुरेंद्र गोड़ व नारायण दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बेटियों की शिक्षा पर जोर दें अभिभावक

**पानीपत।** बेटियों की उच्च शिक्षा का सपना होगा साकार, शिक्षा ऋण पर पांच प्रतिशत ब्याज सब्सिडी दे रही हरियाणा महिला विकास निगम हरियाणा सरकार महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा संचालित शिक्षा ऋण सब्सिडी योजना छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली महिलाओं और लड़कियों को बैंकों से लिए गए शिक्षा ऋण पर पांच प्रतिशत ब्याज दर की सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे उच्च शिक्षा का आर्थिक बोझ काफी हद तक कम हो जाता है।

## एसआईआर में बीएलओ का सहयोग करें मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत फॉर्म भरने और उनके डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त ताजा रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 9 लाख 66 हजार 687 मतदाताओं के सापेक्ष अब तक 67 हजार 702 फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं, जो कुल मतदाताओं का लगभग 7 प्रतिशत है। स्मरणीय है कि हर दो घंटे के बाद अपडेट किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को अभियान को निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

### आई प्लस स्मार्टफोन के नोवा टू प्रो व नियो की बिक्री शुरू

**पानीपत।** माधव शेठ, सीईओ, एआई प्लस स्मार्टफोन एवं संस्थापक, नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज़ ने कहा कि एआई प्लस स्मार्टफोन ने वीरवार को अपने नए स्मार्टफोन- नोवा टू प्रो और नोवा टू नियो की बिक्री शुरू कर दी है। नोवा सीरीज़ के तहत लॉन्च किए गए ये स्मार्टफोन अलग-अलग तरह के ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

चाहे पहली बार स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले हों या बेहतर परफॉर्मेंस चाहने वाले ग्राहक, ये दोनों डिवाइस शुक्रवार को फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। नोवा टू नियो और नोवा टू प्रो की लॉन्चिंग नोवा सीरीज़ की मजबूत शुरुआत को आगे बढ़ाती है। लॉन्च के बाद से ही इस सीरीज़ को भारतीय ग्राहकों के बीच अच्छा रिस्पॉन्स और बढ़ती लोकप्रियता मिली है।

**कार्यालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्री जगदीश चंद्र सुपुत्र श्री रामचन्द्र निवासी मकान नम्बर 60, सेक्टर 12, हुडा पानीपत।

**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के मध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री जगदीश चंद्र सुपुत्र श्री रामचन्द्र निवासी मकान नम्बर 60, सेक्टर 12, हुडा पानीपत ने एक दस्तावेज को इंद्राज/निष्पादन पत्र/रद्दकरण पत्र पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गय है। यह कि प्रार्थी की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा देवी धर्मपत्नी श्री जगदीश चंद की मृत्यु दिनांक 15/11/2023 को हो चुकी है। यह कि प्रार्थी की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा देवी धर्मपत्नी श्री जगदीश चंद की मृत्यु बाद इसके निम्न जायज वारिस हैं:- 1- अजय कुमार, 2- संजय कुमार सुपुत्रगण व 3- ईशा गुप्ता सुपुत्री स्वर्गीय श्रीमती कृष्णा देवी धर्मपत्नी श्री जगदीश चंद हैं।
उपरोक्त वारिसान के अलावा अन्य कोई वारिसा नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय ने कार्य दिवस के दिन अपना एतराज पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त शपथपत्र के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 24/06/26 को इस न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
क्रमांक : 378/RC
दिनांक : 24/6/2026

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत**

**ग्रीनमैन दलजीत ने अपनी मां की स्मृति में 800 पौधे बांटें**

## आयुर्वेदिक पौधों के साथ-साथ आम व अंजीर के पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। ग्रीनमैन प्रो. दलजीत जन सेवा दल के कार्यालय पर अपनी मां की याद में पौधे बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत के इतिहास विभाग में कार्यरत ग्रीनमैन असिस्टेंट प्रोफेसर दलजीत कुमार ने अपनी माता स्वर्गीय रोशनी देवी की 16वीं पुण्यतिथि पर सिविल अस्पताल पानीपत में जन सेवा दल के सहयोग से मीठे पानी की छबील, भोजन लंगर तथा हर्बल एवं फलदार पौधों का लंगर लगाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केदार तुलसी, कपूर तुलसी, लेमनग्रास, इलायची एवं सहजन जैसे आयुर्वेदिक पौधों के साथ-साथ आम, अंजीर, नींबू, अमरूद, माल्टा, मौसंबी, अनार और आंवला सहित 800 से अधिक हर्बल व फलदार पौधे लोगों को वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त सिविल अस्पताल परिसर में 31 फलदार पौधे भी रोपित किए गए। कार्यक्रम में डॉ. अमित पोडिया, डॉ. ललित वर्मा, डॉ शशीलता, डॉ रिंकू सांगवान, डॉ जोगिंदर, प्रोफेसर मुनीराम, जन सेवा दल के सचिव चमनलाल गुलाटी, सोनू, सतीश सैनी (सीए), अनु (सीए), विजेंदर मलिक, संदीप कल्याणी, मास्टर सतीश, सोहन सिंह ग्रोवर, रमेश चौधरी, इको क्लब के विद्यार्थियों सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय रोशनी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरत

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार ने कहा कि प्रो. दलजीत कुमार द्वारा अपनी माता की पुण्यतिथि को सेवा और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि ग्रीनमैन के नाम से प्रसिद्ध दलजीत कुमार वर्षों से पौधारोपण और पर्यावरण जागरूकता के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। उनका यह अभियान लोगों को प्रकृति से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रेरणादायक कार्य है। अतिविशिष्ट अतिथि जिला परिषद चेयरमैन ज्योति शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय रोशनी देवी की स्मृति में किया गया यह आयोजन समाज के लिए अनुकरणीय है। विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ. विजय मलिक ने कहा कि अस्पताल परिसर में लगाए गए पौधे भविष्य में हरियाली और स्वच्छ वातावरण प्रदान करेंगे।

## खबर संक्षेप

### लोगों को जागरूक करें अधिकरः एडीसी

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी विराट ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य अति महत्वपूर्ण है। इस कार्य के तहत हम सभी का दायित्व बनता है कि मतदाता सूचि त्रुटि रहित हो और इस कार्य के लिए सभी विभागों को आगे आते हुए अपने विभाग के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए अपनी भूमिका निभानी हैं। एडीसी अपने कार्यालय के सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण की गतिविधियों के लिए जो कार्य किए जा रहे है उसके तहत एक बैठक ले रहे थे। विभागाध्यक्ष को निर्देश दिए कि इसको लेकर लोगों को जागरूक करें।

### समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगनदीप ने कहा कि समाधान शिविर आयोजित करने का उदेश्य आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है। सभी विभाग आपसी-समन्वय बनाकर लोगों की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान करवाना सुनिश्चित करें। सीईओ ने शिविर में पंहुचे प्रार्थियों की समस्याओं को क्रमवार सुनते संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है।

### एसडीएम ने किया ड्रेनों का निरीक्षण

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने वीरवार को आगामी मानसून सीजन एवं बाढ़ प्रबंधन कार्यों के मद्देनजर सिंचाई विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों के साथ-साथ ड्रेनों व अन्य का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेनों एवं नालों की साफ-सफाई, पम्प हाउसों की कार्यक्षमता तथा बाढ़ प्रबंधन से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किए जाएं, ताकि मानसून के दौरान जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी किसी प्रकार की कमी अथवा संभावित समस्या की आशंका हो उसका समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### बिजली मंत्री का आवास घेरेंगे अनुबंधित कर्मी

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की जिला जींद कार्यकारिणी की बैठक नरवाना के 132 केवी रेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोती मोर ने की। जबकि मंच का कुशल संचालन जिला सचिव योगेश शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में 17 जुलाई को बिजली मंत्री अनिल विज के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 17 जुलाई को बिजली मंत्री अनिल विज के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया।जिला सचिव योगेश शर्मा ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बीते दिनों कैथल में आयोजित हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के फैसलों पर विचार विमर्श करना और संगठन की आगामी रूपरेखा तैयार करना था।

---

### अब एक्सचेंज डीड पर नहीं होगी जमीन की खरीद-फरोख्त

# अवैध कॉलोनियां काटने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी

- राज्य सरकार ने हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम 1975 की धारा 7-ए में किया संशोधन, डीटीपी की ओर से जारी किए गए आदेश, गुड़गांव व मानसेर में कॉलोनियों की जांच में हुआ था खुलासा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

अवैध कॉलोनियां काटकर लोगों की जेब ढीली करने वाले कॉलोनाइजरों पर शिकंजा कसने की तैयारी हो गई है। दरअसल राज्य में कॉलोनाइजर एक्सचेंज डीड के जरिए जमीन की खरीद फरोख्त कर उस पर अवैध कॉलोनियां काटकर लोगों को सस्ते प्लाट बेचकर अपनी जेबें भर रहे हैं। जमीनों की खरीद का पूरा मामला बेहद ही गुपचुप तरीके से हो रहा था। मगर अब राज्य सरकार ने हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम, 1975 की धारा 7-ए में संशोधन कर दिया है। अब अधिसूचित शहरी क्षेत्रों में एक्सचेंज डीड के जरिए होने वाली रजिस्ट्री भी इसके दायरे में आएगी। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने नई गाइडलाइन के हिसाब से राजस्व विभाग के वित्तीय आयुक्त को पत्र जारी कर नए निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। असल में पिछले दिनों ही गुरुग्राम के डिप्टी कमिश्नर की 17 जून 2026 की जांच रिपोर्ट और मानेसर के एसडीएम की 16 जून 2025 की रिपोर्ट में इस बड़े खेल का खुलासा हुआ था। रिपोर्ट में सामने आया था कि भूमाफिया और प्रॉपर्टी डीलर धारा 7-ए के नियमों और कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए एक्सचेंज डीड का सहारा ले रहे थे। इसके जरिए बिना किसी मंजूरी के अवैध कॉलोनियां काटी जा रही थी। पिछले दरवाजे से जमीनों की रजिस्ट्री का खेल चल रहा था। तब टाउन कंट्री प्लानिंग विभाग ने अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से अनुरोध किया था कि वे प्रदेश के सभी राजस्व अधिकारियों को इस बाबत निर्देश करें। इन संशोधित नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश जारी करें। इस कदम से अब बिना उचित एनओसी और मंजूरी के एक्सचेंज डीड के नाम पर होने वाली फर्जी और अवैध रजिस्ट्रियों पर पूरी तरह से लगाम लग सकेगी।



अंबाला। अवैध कॉलोनी में निर्माण को ढहाती जेसीबी। फोटोः हरिभूमि

#### पर्ची पर बेचे जा रहे प्लाट

अंबाला में भी बड़े स्तर पर अवैध कॉलोनियां काटने का खेल चल रहा है। यहां नगर निगम व नगर परिषद एरिया में कई कॉलोनाइजर अफसरों से मिलकर अवैध कॉलोनियां काटकर लोगों को सस्ते प्लाट देने का लालच देकर अपनी जेबें भर रहे हैं। इसी वजह से अंबाला शहर व अंबाला छावनी के साथ पूरे जिले में बड़े स्तर पर अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। इन कॉलोनियों में कोई भी अफसर कार्रवाई करने को तैयार नहीं है यहां फुल पेमेंट की रसीद देक लोगों को प्लाट बेचे जा रहे हैं। प्लाट की रजिस्ट्री के लिए उन्हें सालों का समय दिया जा रहा है। ऐसे कॉलोनियों में प्लाट खरीदने वाले ज्यादातर लोग पूरा भुगतान करने के बावजूद रजिस्ट्री के लिए कॉलोनाइजरों के पीछे घूम रहे हैं। इसके बावजूद प्लाट की रजिस्ट्री नहीं हो पाती।

#### अवैध कॉलोनी पर चली जेसीबी

जिला नगर योजनाकार विभाग ने साहा क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग ने करीब अढाई एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई साहा गांव के एचबी-93 और खसरा नंबर 102//13 मिन, 18, 19 मिन में की गई। प्रशासन ने बिना अनुमति के काटी जा रही इन कॉलोनियों में बनाई गई कच्ची सड़कों के पूरे जाल को उखाड़ दिया। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान के नेतृत्व में कार्रवाई दल मौके पर पहुंचा कार्रवाई के दौरान रोहित चौहान स्वयं ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर मौजूद रहे। उनके साथ कनिष्ठ अभियंता गुरजिंद, हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के एसएचओ और पुलिस बल भी तैनात था। पुलिस की मुस्तैदी के कारण यह पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

---



अंबाला। मातेश्वरी जगदंबा को श्रद्धांजलि देती बीके बहनें। फोटोः हरिभूमि

## मातेश्वरी जगदंबा के स्मृति दिवस पर भव्य कार्यक्रम

- ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रशासनिक प्रमुख मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के 61वें स्मृति दिवस पर उन्हें याद किया गया। अंबाला सब ज़ोन निर्देशिका राजयोगिनी बीके. आशा दीदी ने कहा कि /"मम्मा यज्ञ के रत्नों में सबसे श्रेष्ठ रत्न हैं जो पवित्रता और निस्वार्थ प्रेम की प्रतिमूर्ति थी। उनके चेहरे पर मातृवत प्रेम झलकता था। वे सभी के लिए उच्च दृष्टि रखती थी। उन्हें आत्मसम्मान में रहने में मदद करती थी। यद्यपि वे बहुत छोटी थीं, फिर भी सभी उन्हें हृदय से /"मम्मा/" कहते थे। यहां तक कि उनकी अपनी मां भी। उनकी पवित्र शक्तिशाली दृष्टि कई लोगों के हृदय को पिघला देती थी। उन्होंने कई लोगों को नया जीवन दिया। कई लोगों को उनकी दृष्टि से ही नई स्वर्णिम दुनिया के दिव्य दर्शन हुए। उनकी विवेक शक्ति अद्भुत थी।

#### श्रद्धांजलि दी

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने मम्मा का इतिहास बताते हुए कहा प्रेम और शांति का दिव्य दूत जो 1919 में देश की पवित्र भूमि पर अवतरित हुआ। राधे एक रत्न बालिका थी जिसका जन्म अमृतसर में माता रोचा और पिता पोखर दास के घर हुआ था। बचपन से ही राधे की बुद्धि बहुत तेज थी। उसका व्यक्तित्व बहुमुखी प्रतिभा का था। राधे की मां और मौसी अपने पतियों को खो चुकी थी। घर पर शोक मना रही थी। तभी उन्होंने गीता सत्संग में जाना शुरू किया। यहां दादा लेखराज गीता के श्लोकों का सार समझाया करते थे। अपनी मां और मौसी के जीवन में परिवर्तन का चमत्कार देखकर राधे उनके साथ गीता सत्संग में जाने लगी। अथक सेवा के कारण मातेश्वरी या मां के रूप में जानी जाने लगीं। अपने पूरे जीवन में, उन्होंने अपने मधुर और दिव्य गीतों और प्रवचनों के माध्यम से कई लोगों के दिलों को खुशी से नचाया। वे आध्यात्मिक बच्चों की हर जरूरत का ख्याल रखती थी। अपनी आखिरी सांस तक उनकी सेवा में लगी रही। इस अवसर पर सेवा केंद्र में आने वाले भाई बहनों ने भी अपने गीत व कविता के माध्यम से मम्मा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करी।

---

## जानवर के काटने पर तुरंत लगवाएं रेबीज का इंजेक्शन

- एसएमओ ने लोगों को किया जागरूक, कहा कुत्ते के साथ साथ कई जानवरों के काटने से हो सकता है रेबीज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर**

नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि किसी भी जानवर के काटने की घटना को हल्के में न लें क्योंकि इससे रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी होने का खतरा रहता है। समय पर प्राथमिक उपचार और टीकाकरण ही रेबीज से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि केवल कुत्तों के काटने से ही नहीं, बल्कि बिल्ली, बंदर, नेवला, गाय, भैंस, घोड़ा, ऊंट, लोमड़ी, भेडिय़ा, गीदड़ सहित अन्य पालतू एवं जंगली जानवरों के काटने से भी रेबीज संक्रमण फैल सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को कोई जानवर काट ले तो सबसे पहले घाव को बहते हुए साफ पानी और साबुन से कम से कम 15 मिनट तक अच्छी तरह धोना चाहिए। इसके बाद घाव पर बेन्जाकॉनियम क्लोराइड, स्पिरिट (इथेनॉल), टिंक्चर ऑफ आयोडीन, पोवीडोन ऑयोडीन अथवा डेटॉल जैसे एंटीसेप्टिक का प्रयोग करना चाहिए और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या चिकित्सक से संपर्क कर रेबीज रोधी टीका लगवाना चाहिए।

#### गलतियां नहीं करनी चाहिए

एसएमओ ने बताया कि घाव पर पट्टी नहीं बांधनी चाहिए और न ही टांके लगवाने चाहिए। इसके अलावा घाव को हाथों से छूना, उस पर पौधों का रस, कॉफी पाउडर, धातु, सिक्का, अम्ल या क्षार युक्त पदार्थ लगाना तथा तपे हुए लोहे से दागने जैसी गलतियां नहीं करनी चाहिए।

---

## बच्चे के उपचार के लिए दी सहायता राशि

- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एसडीएम ने परिवार को सौंपा चेक, सभी उपचार एवं ऑपरेशन नि :शुल्क

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एसडीएम शिवजीत भारती ने गांव बरसूमाजरा के अजय कुमार के पुत्र के उपचार के लिए एक लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे के हृदय में जन्मजात छेद है। उसके उपचार एवं ऑपरेशन की आवश्यकता है। एसडीएम ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बच्चों के स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं और किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर आरबीएसके मोबाइल हेल्थ टीम इंचार्ज डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. नीतिका, एएनएम सोनिया तथा फार्मासिस्ट अमनदीप भी उपस्थित रहे। मोबाइल हेल्थ टीम इंचार्ज डॉ. हरप्रीत सिंह ने बताया कि गांव बरसूमाजरा के अजय कुमार का पुत्र राजकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत है। नियमित स्वास्थ्य जांच अभियान के दौरान आरबीएसके टीम ने बच्चे की जांच की, जिसमें उसके हृदय में छेद (जन्मजात हृदय रोग) होने का पता चला। इसके बाद बच्चे को अस्पताल में रेफर किया गया तथा उपचार प्रक्रिया शुरू करवाई गई। बताया कि आरबीएसके की टीमें नियमित रूप से सरकारी विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा कर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करती हैं। जांच के दौरान किसी भी गंभीर बीमारी या जन्मजात विकार की पहचान होने पर बच्चे को विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास रेफर कर उसका निशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जाता है।

#### नि:शुल्क उपचार

बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों में जन्मजात दोष, बीमारियों, पोषण संबंधी कमियों तथा विकासात्मक समस्याओं की पहचान कर उनका नि:शुल्क उपचार कराया जाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से हृदय में छेद, मोतियाबिंद, अंधापन, आंखों का टेढ़ापन, श्रवण शक्ति की कमी, कटे-फटे होंठ या तालु में छेद, हड्डियों की विकृतियां, मुड़े हुए पैर, हिप विकार, न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, डाउन सिंड्रोम, समय से पूर्व जन्मे शिशुओं की आंखों की जांच (आरओपी), एनीमिया, कुपोषण, दांतों की बीमारियां तथा किशोरावस्था से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान एवं उपचार किया जाता है। डॉ. हरप्रीत सिंह ने बताया कि इन सभी बीमारियों के उपचार, जांच एवं आवश्यक ऑपरेशन की सुविधा सरकार द्वारा पूर्णतः नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाती है।

---

## कच्चे तेल के दाम गिरे, जनता को राहत नहीं

- युवा नेत्री चित्रा बोली,पेट्रोल-डीज़ल 70 रुपये लीटर तक लाने का समय आ गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने पेट्रोल और डीज़ल की लगातार ऊंची कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट आ चुकी है तो देश की जनता को उसका लाभ देने में सरकार आखिर क्यों हिचकिचा रही है। उन्होंने मांग की कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में व्यापक कटौती कर इन्हें कम से कम 70 रुपये प्रति लीटर के स्तर तक लाने की दिशा में ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए। सरवारा ने कहा कि देश का आम नागरिक अभूतपूर्व आर्थिक दबाव के दौर से गुजर रहा है। रसोई का बजट बिगड़ चुका है, परिवहन महंगा हो चुका है, खेती की लागत बढ़ चुकी है और छोटे व्यापारियों से लेकर मध्यम वर्ग तक हर वर्ग महंगाई की मार झेल रहा है। ऐसे समय में सरकार का पहला दायित्व जनता को राहत देना होना चाहिए, न कि राजस्व वसूली को ही अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीज़ल केवल ईंधन नहीं हैं, बल्कि देश की पूरी अर्थव्यवस्था की धुरी हैं। इनके महंगे होने का सीधा असर सब्जियों, खाद्यान्नों, दूध, दवाइयों, निर्माण सामग्री, परिवहन सेवाओं और दैनिक उपयोग की लगभग हर वस्तु पर पड़ता है। जब डीज़ल महंगा होता है तो किसान की खेती महंगी होती है, ट्रांसपोर्ट महंगा होता है। उसका बोझ उपभोक्ता की जेब पर पड़ता है।

#### व्यापक समीक्षा करनी चाहिए



चित्रा ने कहा कि सरकार जब भी अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देकर ईंधन कीमतों में वृद्धि करती है तो जनता से यह अपेक्षा भी स्वाभाविक है कि जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के दाम नीचे आएं तो उसका लाभ भी आम लोगों तक पहुंचे। यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरावट के बावजूद जनता को राहत नहीं मिलती, तो यह आर्थिक न्याय के मूल सिद्धांतों के विपरीत है।उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में महंगाई पर नियंत्रण चाहती है तो उसे पेट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस पर लगाए गए विभिन्न करों और उपकरों की व्यापक समीक्षा करनी चाहिए।

---

## बच्चों की तस्करी रोकने को बनेगी योजना

- पिछले छह महीने में ट्रेनों से जब्त किए जा रहे हैं 145 बच्चे, यूपी-बिहार से हो रही है तस्करी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

ट्रेनों में बच्चों की तस्करी के बढ़ते मामलों को लेकर अब गिरोह तक पहुंचने के लिए नई रणानीति बनाई जा रही है। बता दें कि पिछले छह माह में ट्रेन नंबर 15211 जननायक और 12407 कर्मभूमि एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों से 145 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। तस्करों का गिरोह इन बच्चों को उनके अभिभावकों के सामने अच्छी कमाई का लालच देकर चंगुल में फंसा रहा है। बच्चों को कारखानों और खेतों में मजदूरी के दलदल में धकेला जा रहा है। अब इस संगठित अपराध को जड़ से खत्म करने के लिए जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस और जिला विकास संगठन अब नई योजना पर काम कर रहा है। पिछले कुछ मामलों में की गई पड़ताल से सामने आया है कि तस्कर अब कक्षा 8 से 10वीं तक के बच्चों को विशेष रूप से निशाना बना रहे हैं। तस्कर पहले अभिभावकों को भरोसे में लेते हैं और उन्हें बच्चों के सुनहरे भविष्य व मोटी कमाई का सपना दिखाते हैं। एक बार झांसे में आने के बाद बच्चों को पंजाब सहित हिमाचल ले जाकर कारखानों और खेतों में बंधुआ मजदूरी के लिए मजबूर कर दिया जाता है।

#### गिरोह से जुड़े लोगों का पता लगाएगी टीम

जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस और जिला विकास संगठन ने एक सांझा रणनीति तैयार की है। बिहार और उत्तर प्रदेश तस्करी के सबसे बड़े स्रोत राज्य माने जाते हैं। इसके लिए जांच टीम तैयार करने की योजना पर काम हो रहा है जोकि गिरोह से जुड़े लोगों का पता लगाएगी। असल में ट्रेनों के जरिए यूपी व बिहार से बच्चों की लगातार तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। सूचना के बाद जांच टीमें छोटे छोटे बच्चों को भी रेसक्यू कर चुकी हैं। इन बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। काफी हद तक इसके लिए इनके परिजन भी जिम्मेदार हैं जोकि छोटे लालच में बच्चों का जीवन नरक बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

---

### तुर्किये के मशहूर बॉलीवुड फिल्मिंग लोकेशन्स भारतीय ट्रैवलर्स के लिए मुख्य आकर्षण बने



**चंडीगढ़।** लाखों भारतीय दर्शकों के लिए, तुर्किये की पहली झलक किसी गाइडबुक से नहीं बल्कि एक सिनेमा स्क्रीन के जरिए मिली इस्तांबुल की छतों पर एक चेज सीक्वेंस, कप्पाडोसिया की अजीब चट्टानों के सामने फिल्माया गया एक गाना, बोस्फोरस के चमकते पानी के सामने एक रोमांटिक मोंटाज है।बॉलीवुड फिल्म मेकिंग के दो दशकों से ज़्यादा समय में, तुर्की इंडस्ट्री की सबसे पसंदीदा जगहों में से एक बन गया है और यह देश अब भारतीय यात्रियों को देखने वाले से एक्सप्लोरर बनने और खुद उन नज़ारों को खोजने के लिए बुला रहा है, जिन्होंने लंबे समय से बॉलीवुड की कल्पना को थामे रखा है।भारतीय फिल्ममेकर्स के लिए तुर्की की अपील न तो इत्तेफाक है और न ही कुछ समय के लिए। यह देश कुछ ऐसा देता है जिसकी बराबरी बहुत कम जगहें कर सकती हैं, एक पूरे महाद्वीप की विज़ुअल वैरायटी को एक ही देश में समेटा गया है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

### आईटीआई में दाखिले की करीब 1000 से अधिक सीटें हुई कम

# कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने 52 ट्रेड यूनिट पर चलाई कैंची

कम दाखिले के चलते ट्रेड यूनिट की बंद, विद्यार्थियों की बढ़ी चिंता

**सूरज सहारण ▶▶ कैथल**

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कम दाखिले को देखते करीब 52 ट्रेड यूनिट को बंद करने का निर्णय लिया है। विभाग के फैसले से उन विद्यार्थियों की चिंता बढ़ गई है, जो इन ट्रेडों में प्रशिक्षण लेकर रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करना चाहते थे। जानकारी अनुसार कई आईटीआई में कुछ ट्रेडों में लगातार कम संख्या में दाखिले हो रहे थे। सीटें खाली रहने के कारण विभाग को इन यूनिटों के संचालन में आर्थिक और प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसी के चलते विभाग ने समीक्षा के बाद 52 ट्रेड यूनिट को बंद करने का फैसला लिया है। इस निर्णय का असर उन छात्रों पर पड़ सकता है, जो अपने क्षेत्र के नजदीकी संस्थान में संबंधित ट्रेड का कोर्स करना चाहते थे। अब उन्हें अन्य संस्थानों का रुख करना पड़ सकता है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे। छात्रों और अभिभावकों का कहना है कि विभाग को ट्रेड बंद करने के बजाय उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने और रोजगार से जोड़ने के प्रयास करने चाहिए थे। अधिकारियों का कहना है कि जिन ट्रेडों की मांग अधिक है, वहां संसाधनों को मजबूत किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।



कैथल। राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी। फाइल फोटो।

#### कैथल से कोई ट्रेड यूनिट बंद नहीं

राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि निदेशालय द्वारा कम दाखिला के चलते कई जिलों के कुछ ट्रेड यूनिट को बंद किया गया है। निदेशालय द्वारा जारी पत्र अनुसार जिले से कोई ट्रेड यूनिट बंद नहीं की गई है।



#### किस आईटीआई से बंद किए कितने ट्रेड यूनिट

| | |
|---|---|
| अंबाला शहर | 04 |
| भिरडाना | 01 |
| पिहोवा | 01 |
| सढौरा | 01 |
| सोनीपत | 03 |
| टोहाना | 01 |
| भिवानी | 10 |
| पानीपत | 06 |
| महम | 08 |
| पलवल | 09 |
| भोडियाखेडा | 02 |
| बरवाला | 01 |
| बेरली कलां | 02 |
| नाचरोन | 01 |
| उचाना गांव महिला | 01 |
| कंसाला | 01 |